an>

Title: The Speaker made reference on the occasion of World AIDS Day.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, जैसा कि आप सभी को ज्ञात है, आज 'विश्व एड्स दिवस' जो एड्स महामारी के बारे में जागरूकता पैदा करने और अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता प्रदर्शित करने के प्रति समर्पित है।

पूरे विश्व में तीन करोड़ चालीस लाख से अधिक लोग एचआईवी/एड्स से ग्रसित हैं और तीन करोड़ पचास लाख लोग एड्स के कारण मारे जा चुके हैं, ऐसी जानकारी है, जिससे इतिहास में यह सर्वाधिक विनाशकारी महामारी बन गई है।

इस अवसर पर हम इस भयानक रोग के प्रसार को रोकने का निश्चय करें जो कि आज भी मानवजाति के लिए एक कठिन चुनौती बनी हुई है और एचआईवी से ग्रस्त लोगों के साथ पूर्ण सहयोग करें

तथा उन लोगों के लिए प्रार्थना करें जो इस रोग के शिकार हुए हैं।

_